>

Title: Need to open a Regional Passport Office in Azamgarh, Uttar Pradesh .

श्री मोहन सिंह (देवरिया) : अध्यक्ष महोदय, उत्तर प्रदेश भारत का सबसे बड़ा राज्य है। इसके पूर्वी जिलों के लाखों लोग अरब देशों, यूरोपीय, अमेरिकी देशों, दक्षिण पूर्व एशिया के देशों में काम करने के लिए जाते हैं। सागर द्वीपों मारीशस, ट्रिनीडाड, ब्रिटिश गायना आदि से इन क्षेत्रों का सैंकड़ों वर्ष का संबंध है। पासपोर्ट बनाने के कार्यालय केवल बरेली और लखनऊ में है। लाखों लोग पासपोर्ट कार्यालयों का चक्कर लगाते थक जाते हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोगों की समस्या समाधान के लिए आजमगढ़ में एक पासपोर्ट कार्यालय खोलना जनहित में आवश्यक है। आजमगढ़ मण्डलीय कार्यालय भी है और पूर्वी उत्तर प्रदेश का मध्य भी पड़ता है। लाखों लोगों की परेशानी दूर करने के लिए विदेश मंत्रालय पासपोर्ट बनाने का एक कार्यालय आजमगढ़ में भी खोलें, मैं ऐसा आग्रह करता हूं।